हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025

04 श्री गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ, 501 कलशों की...



07 गलतफहमी का शिकार हुई पुलिस की टीम, ग्रामीणों...






## खबर संक्षेप

### गीता जयंती के अवसर पर आयोजित होंगे गीता महोत्सव कार्यक्रम

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसम्बर को प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रदेश के साथ ही जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी जनपदों, स्कूल-कॉलेजों में सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों द्वारा सहभागिता की जाएगी। कार्यक्रम के लिए जिला परियोजना अधिकारी दिनेश बर्फा को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही सभी एसडीएम को अपने-अपने विकासखंडों का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### ग्राम टीकामोड में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर आयोजित

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के भैरूंदा विकासखंड के ग्राम टीकामोड स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में डेंटल फ्लोरोसिस जॉच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 50 छात्र-छात्राओं की फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से कुल 15 डेंटल फ्लोरोसिस के मामले सामने आए। शिविर के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. रूचिरा उईके एवं मेडिकल स्टॉफ उपस्थित थे।

### वीआईटी कैंपस के 11 ब्लॉक बिना फायर एनओसी के चल रहे, कोठरी नप का 42 लाख का फायर शुल्क बकाया

# नप के नोटिसों को 'रद्दी' समझ रहा वीआईटी प्रबंधन, 10 माह में 6 बार भेजे प्रबंधन को पत्र

नगर परिषद कोठरी ने 2 अक्टूबर और 9 अक्टूबर 2024 को जारी अपने 'अंतिम सूचना पत्रों' में साफ कहा है कि किन्तु आपके द्वारा आज तक भवन/भूमि स्वामित्व सम्बन्धी दस्तावेज प्रस्तुत नही किये हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी कैंपस में छात्रों के हंगामे के बाद अब प्रबंधन की मनमानी का एक और बड़ा मामला सामने आया है। मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग के तहत आने वाली नगर परिषद कोठरी द्वारा बार-बार भेजे जा रहे नोटिसों को वीआईटी प्रबंधन लगातार नजर अंदाज कर रहा है।

फरवरी 2024 से अक्टूबर 2024 के बीच नामांतरण, बिल्डिंग परमिशन और फायर एनओसी जैसे गंभीर उल्लंघनों के लिए परिषद ने प्रबंधन को छह बार से अधिक सूचना पत्र और अंतिम चेतावनी जारी की है, लेकिन प्रबंधन ने कोई तवज्जो नहीं दी।

कोठरी नगर परिषद के नोटिसों से स्पष्ट होता है कि वीआईटी ट्रस्टी शंकर विश्वनाथन को विभिन्न अनियमितताओं के लिए बार-बार सूचित किया गया, जिसमें फरवरी 2024 से अक्टूबर 2024 के बीच कई बार नोटिस भेजे गए. जैसे 29 फरवरी 2024,



22 मई 2024, 20 जून 2024 एवं 22 जुलाई 2024, इन सभी नोटिसों का उद्देश्य वीआईटी की अचल संपत्तियों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज जमा करवाना, नामान्तरण कराना और बिना परमीशन बनी इमारतों की बिल्डिंग परमीशन लेना था।

### 3 दिन की अंतिम चेतावनी भी बेअसर

नगर परिषद कोठरी ने 2 अक्टूबर और 9 अक्टूबर 2024 को जारी अपने 'अंतिम सूचना पत्रों' में साफ कहा है कि किन्तु आपके द्वारा आज तक भवन/भूमि स्वामित्व सम्बन्धी दस्तावेज प्रस्तुत नही किये हैं। अतः आपको अन्तिम रूप से सूचित किया जाता है कि आप अन्दर 3 दिवस में कार्यवाही पूर्ण करावें। अन्यथा आपके विरूद्ध मप्र नपा अधिनियम 1961 की धारा 150/187 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### नोटिस दिए गए हैं

नगर परिषद कोठरी के सीएमओ नरेन्द्र जाटव ने बताया कि वीआईटी प्रबंधन को नोटिस दिए गए हैं, लेकिन नोटिसों का जबाव नहीं मिला, न ही जुर्माना राशि जमा कराई गई है।

### अवैध निर्माण पर 42.40 लाख का जुर्माना

प्रबंधन की इस अनदेखी का सबसे बड़ा परिणाम यह हुआ है कि 11 इमारतों पर फायर एनओसी न लेने के कारण नगर परिषद ने 42 लाख 40 हजार 122 का जुर्माना शुल्क कर दिया है। 2 अक्टूबर 2024 के अंतिम सूचना पत्र में परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि यह राशि जमा नहीं की गई, तो वसूली के लिए जंगम संपत्ति की कुर्की की जाएगी। इसके अलावा छात्रों की सुरक्षा को देखते हुएए संस्था की मान्यता निरस्त करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बावजूद नगर परिषद कोठरी के इन नोटिसों का वीआईटी प्रबंधन पर कोई असर नहीं हुआ।



# शाहगंज थाने का स्थायी वारंटी है गौहरगंज दुष्कर्मी सलमान





**सीहोर।** रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के बाद 'शॉर्ट एनकाउंटर' में घायल हुआ आरोपी सलमान न केवल जघन्य अपराधी है, बल्कि वह सीहोर जिले के शाहगंज थाने का भी स्थायी वारंटी है। शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के अनुसार गौहरगंज दुष्कर्म का आरोपी सलमान बुदनी न्यायालय द्वारा जारी किया गया स्थायी वारंटी भी है। यह वारंट उसके खिलाफ 2019 में दर्ज हुए घर में घुसकर मोबाइल चोरी के मामले में जारी किया गया था।

पुलिस के अनुमान यह मामला साल 2019 में शाहगंज में घर में घुसकर मोबाइल चोरी का। फरियादी आबिद खां पिता शब्बीर खां वार्ड क्रमांक 6, नई बस्ती शाहगंज। आरोपी सलमान ने फरियादी के घर में घुसकर सैमसंग कंपनी का मोबाइल चुरा लिया था। यह मामला बुदनी न्यायालय में चल रहा है, शाहगंज पुलिस ने सलमान को इस मामले में 28 अप्रैल 2019 को गिरफ्तार किया था और मामला बुदनी न्यायालय में चल रहा था। न्यायालय की सुनवाई में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण बुदनी कोर्ट ने 2023 में आरोपी सलमान को स्थायी वारंटी घोषित कर दिया था।

### बीती रात शॉर्ट एनकाउंटर

यह आरोपी गौहरगंज में किराए के मकान में रहता था। उसने 21 नवंबर को 6 वर्षीय मासूम को चॉकलेट के बहाने जंगल ले जाकर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी पर 30 हजार का इनाम घोषित किया था और घटना के 6 दिन बाद उसे भोपाल के गांधी नगर से गिरफ्तार किया। रात 3 बजे का गिरफ्तारी के बाद गौहरगंज पुलिस जब सलमान को लेकर औबेदुल्लागंज क्षेत्र के जंगल से गुजर रही थी, तभी पुलिस की गाड़ी पंक्चर हो गई। आरोपी ने इस मौके का फायदा उठाते हुए एसआई की बंदूक छीनकर भागने और फायरिंग करने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके पैर पर गोली मारी, जिससे वह घायल हो गया। घायल सलमान को भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत सामान्य है और वह पुलिस की हिरासत में है।

# मीडिया ट्रायल पर रोक लगाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अजाक्स जिला शाखा सीहोर के द्वारा बाबुलाल मालवीय कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अजाक्स जिला सीहोर के नेतृत्व में अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा (आईएएस) के विरूद्ध की गई मनमानी कार्यवाही एवं मीडिया ट्रायल पर रोक लगाने हेतु प्रदेश के मुख्य मुत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि कुछ लोग समाज में सौहार्द बिगाडऩे का प्रयास कर रहे हैं।

हाल ही में दिनांक 23 नवम्बर 2025 को आयोजित अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में नव नियुक्त प्रांत अध्यक्ष संतोष वर्मा (आईएएस) जो आदिवासी (अनुसूचित जनजाति) वर्ग से आते हैं द्वारा सामाजिक समरसता और जातिवाद उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक उद्बोधन किया गया। उनके वक्तव्य को तोड़ मरोड़ कर भ्रमक तरिके से पेश किया गया है एवं उनको सौशल मीडिया पर अनावश्यक बाते कही जा रही है, इसके विरोध में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि मीडिया ट्रायल बंद की जाये एवं शासन एक स्वतंत्र समिति गठित करे, जो इस प्रकरण की जाँच करे और सुनिश्चित करे कि आदिवासी एवं वंचित वर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों को बिना कारण प्रताड़ित ना किया जाये।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अजाक्स के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बाबुलाल मालवीय, आष्टा ब्लाक अध्यक्ष दिनेश घेहरवाल, सीहोर ब्लाक अध्यक्ष एन.पी.नगेश, भैरूंदा ब्लाक अध्यक्ष जगदीश प्रसाद पैठारी, सवाई सिंह परिहार, रामेश्वर दामडिय़ा, भूपेन्द्र सिंह सिंधे, पवन कुमार राया, विरेन्द्र सिंह, प्रकाश यादव, लाड़सिंह कटारिया, श्यामलाल पैठारी, लाड़सिंह आदि शामिल रहे।

# ट्रक में भरी 100 क्विंटल प्याज लेकर भागा आरोपी पकड़ाया, एक साल बाद गिरफ्तार

### वाहन कुरूद से छत्तीसगढ़ लेकर निकला था



**सीहोर।** पुलिस ने 13 सितंबर 2024 से फरार आरोपी को आज 28 नवंबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 100 क्विंटल प्याज से भरा ट्रक लेकर भागने और उसे बीच रास्ते में बेचकर खाली छोड़ने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि जमशेद नगर कस्बा सीहोर निवासी आसिफ अहमद ने मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आइसर ट्रक क्रमांक CG-04PD-0325 का चालक पुष्पेंद्र ठाकरे 100 क्विंटल प्याज से भरा ट्रक लेकर कुरूद, छत्तीसगढ़ के लिए निकला था।

**ट्रक को खाली छोड़कर भाग गया था आरोपी :** हालांकि, वह छत्तीसगढ़ नहीं पहुंचा और रास्ते में ही प्याज बेचकर ट्रक को खाली छोड़कर फरार हो गया था।

आइसर ट्रक चालक पुष्पेंद्र ठाकरे के खिलाफ धारा 316(2) और 316(3) बी.एन.एस. के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

आरोपी पुष्पेंद्र पिता संतोष (उम्र 29 साल) निवासी चुटका, थाना कान्हीबाड़ा, जिला सिवनी को सीहोर बस स्टैंड से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

### नर्मदा में कूदकर मौत को गले लगाने चली थी महिला

# पलक झपकते बहा ले जातीं नर्मदा की धाराएं पर नाविकों ने जान पर खेलकर बचाई जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शुक्रवार दोपहर बुधनी के नए नर्मदा पुल पर ऐसा दृश्य सामने आया जिसने हर किसी की रूह हिला दी। करीब 45 वर्षीय महिला अचानक भीड़ के बीच से गुजरती हुई तेज़ कदमों से पुल की रेलिंग की ओर बढ़ी। कुछ ही सेकंड में वह रेलिंग पर चढ़ी और बिना किसी झिझक के गहरी नर्मदा की धारा में कूद गई। लोगों के पास होश संभालने का भी मौका नहीं था, तभी पानी की तेज़ लहरों ने उसे बहाना शुरू कर दिया। राहगीरों की चीखें गूंज उठीं, लेकिन किसी के पास उसे रोकने का कोई उपाय नहीं था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला ने ऐसा कदम बेहद दृढ़ इरादे से उठाया था। न वह रुकी, न पीछे मुड़ी, न किसी की आवाज़ सुनी, मानो उसने मौत से समझौता कर लिया हो। नदी में गिरते ही महिला कुछ सेकंड तक ऊपर दिखाई दी, फिर उफनती धारा उसे बीच की ओर खींच ले गई।

इसी बीच बेरखेड़ी घाट के पास नाव पर मौजूद नाविकों ने हालात भांपते हुए बिना सेकंड गवाए पूरा मोर्चा संभाला। नदी उफान पर थी, नाव डगमगा रही थी, लेकिन नाविकों ने परवाह किए बिना नाव को महिला की दिशा में दौड़ा दिया। कुछ पलों की बेहद खतरनाक जद्दोजहद के बाद नाविकों ने महिला को पकड़कर मौत के मुंह से बाहर खींच लिया।

सूचना पर बुधनी पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची। महिला अर्द्धचेतन, ठंडी सांसें और बिगड़ती नब्ज़ के साथ मिली। तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। महिला की पहचान अब तक उजागर नहीं हुई है। न कोई पहचान पत्र मिला, न कोई रिश्तेदार सामने आया। फिलहाल पुलिस इसे संदिग्ध मामला मानते हुए हर एंगल से जांच कर रही है। घरेलू विवाद, आर्थिक तनाव, या कोई आपराधिक दबाव?

एसडीओपी रवि शर्मा का कहना है कि महिला के होश में आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। तभी यह साफ होगा कि आत्महत्या जैसी खौफनाक कोशिश के पीछे कारण क्या है।मजबूरी या कोई साज़िश? पुलिस ने मामले को क्राइम कोण से भी लेना शुरू कर दिया है।

# इंडियन रेडक्रास सोसाइटी ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शुक्रवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस पीजी कालेज इंडियन रेडक्रास सोसाइटी समिति के तत्वाधान में विधि महाविद्यालय, एनएसएस और एनसीसी के बड़ी संख्या में कैडेट्स और अधिकारियों ने भेंट की और आश्रम के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे आश्रम टीम का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर रेडक्रास सोसायटी के नोडल अधिकारी डॉ. तिमोथियस एक्का ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में इसके अंतर्गत संस्था में महाविद्यालयीन ईकाईयों के माध्यम से वृद्धाजनों, निशक्तजनों की सेवा, स्वस्थ्य और स्वच्छता आदि के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहाकि यहां पर मौजूद वृद्धजनों का आशीर्वाद विद्यार्थियों ने लिया। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात की। इस यादगार मुलाकात में बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनमोल अनुभव छात्राओं के साथ साझा किए। बुजुर्गों की जीवन कहानियां सुनकर कैडेट्स भावुक हो गईं। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स और वृद्धजनों ने मिलकर गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा माहौल सुरमय हो गया। कैडेट्स ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को खाद्य सामग्री भी भेंट की। इस दौरान श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और आश्रम की ओर से मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आकाश राय, आनंद व्यास, कमलेश राय आदि ने इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के नोडल अधिकारी डॉ. तिमोथियस एक्का, मौली थामस एनएसएस अधिकारी, एनसीसी अधिकारी कमलेश अहिरवार, नीलम कुशवाहा, वैशाली राठौर, पूर्णिमा सिंह परिहार, विशाल परमार, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राजकुमार साहू का स्वागत किया।

### मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए सेवा सदन भेजा जाएगा

# निःशुल्क इलाज नेत्र परीक्षण शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आंखों की समस्या आजकल हर किसी को परेशान करती है, लेकिन जब बात गरीब और असहाय तब के की आती है तो उनकी मुश्किलें और भी बढ़ जाती हैं। उनके पास इलाज के लिए पैसे नहीं होते और ऐसे में कई बार लोगों को अपना दवा-इलाज कराना भी मुश्किल हो जाता है। वैसे तो अब कम उम्र के लोगों में आंखों से जुड़ी तमाम दिक्कतें हो जाती हैं लेकिन काफी बुजुर्गों को आंख की रोशनी से जुड़ी दिक्कत होती ही है। पैसों की कमी के चलते कई बार वो समय पर आंखों का इलाज भी नहीं करा पाते। ऐसे लोगों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन आगामी 30 दिसंबर दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक तहसील चौराहा स्थित मानक बाग पर आयोजित किया जा रहा है एक प्रेरणादायक कदम उठाया है सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाऊंडेशन ने इस वर्ष नगर सेठ स्वर्गीय मानक चंद रूठिया की स्मृति में उनके पुत्र समाजसेवी विवेक रूठिया द्वारा किया जा रहा है, इससे हजारों गरीबों को मदद मिलेगी समाजसेवी विवेक रूठिया, जिन्होंने अपने पिता के बताए रास्ते में चलकर इस मुहिम की शुरुआत की है। उनके द्वारा एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लोग बिना किसी शुल्क के अपनी आंखों का इलाज करा सकते हैं। यह कैंप खासतौर पर उन गरीब और असहाय लोगों के लिए है जिनके पास अपनी आंखों का इलाज करवाने के लिए धन नहीं होता। इस बार यह कैंप 30 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 11 बजे से लगेगा। कार्यक्रम के आयोजक आशीष गुप्ता ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क इलाज करना है। उनका कहना है कि यह कैंप किसी भी व्यक्ति के लिए खुला है और सभी को इसका लाभ उठाने का मौका मिलेगा। कैंप में शामिल होने के लिए इन बातों का रखें ध्यान कि मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए उसी दिन सेवा सदन संत हिरदाराम नगर भेजा जाएगा। हालांकि, ऑपरेशन के लिए कुछ शर्तें भी हैं, जिनका पालन करना आवश्यक है। ऑपरेशन के लिए आधार कार्ड की एक फोटो कॉपी लानी होगी और घर के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर भी देना होगा। इसके बाद, ऑपरेशन के एक महीने बाद फॉलो-अप के दौरान मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पात्र नेत्र रोगियों को दवाइयां और चश्मा निःशुल्क दिया जाएगा।

### मुफ्त होगा नेत्र का इलाज

समाजसेवी विवेक रूठिया ने शिविर के पहले आज शुक्रवार को एक प्रचार रथ को रवाना किया। नागरिकों को शिविर के संदर्भ जानकारी देगा इस अवसर पर प्रमुख रूप से पत्रकार ए.आर.शेख मुंशी, समाजसेविका प्रेमलता राठौर, शिविर के सूत्रधार आशीष गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता सीमा सक्सेना, पुरुषोत्तम मीणा आदि उपस्थित रहे रथ को रवाना करते हुए कहा कि इस कैंप का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी वर्ग या समुदाय से हो आंखों की समस्या के इलाज से वंचित न रहे। इस कैंप में न केवल नेत्र परीक्षण, बल्कि ऑपरेशन और दवाइयां भी निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। खास बात यह है कि ऑपरेशन के लिए आने-जाने का खर्च भी कैंप द्वारा वहन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर किया गया 380 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 28 नवंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 265 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 115 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 48 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### मॉडल बनेगी सोबल्यापुरा की बाल वाटिका

**देवास।** नवाचार के अंतर्गत कलेक्टर ऋतुराज एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा में उत्कृष्ट कार्य किया गया है। इस बाल वाटिका के निर्माण से ग्राम पंचायत में बच्चों के बीच अत्यधिक उत्साह और आनंद का वातावरण है यहां बच्चों के लिए खेल,शिक्षा और प्रकृति के निकट सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कम है, बल्कि पंचायत में स्वच्छ, सुंदर और शिक्षाप्रद वातावरण स्थापित करने की मिसाल भी है। ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा जिले की एकमात्र ऐसी ग्राम पंचायत है जहां के मतदाताओं ने महिला सशक्तिकरण को महत्व देते हुए अपनी ग्राम पंचायत के सभी 14 पंच, सरपंच व उपसरपंच पद हेतु महिलाओं को ही चुना। ग्राम पंचायत को वर्ष 2008 में महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित कराने वाली ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा की महिला सरपंच अनुबाई लक्ष्मण सिंह परिहार ने शासन की महत्वपूर्ण नवाचार योजना अंतर्गत बच्चों के मनोरंजन हेतु गुणवत्ता पूर्ण सुंदर बाल वाटिका का निर्माण किया। अनूठी और शासन के उद्देश्य को पूर्ण करने वाली इस वाटिका की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। बच्चों और महिलाओं के मनोरंजन का केंद्र बन गई। वाटिका व बच्चों की सुरक्षा हेतु महिला सरपंच अनुबाई परिहार ने अपनी मानदेय राशि में से 25 हजार रुपए का सहयोग कर चार सीसीटीवी कैमरे वाटिका में लगवाएं हैं। सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार ने बताया इस वाटिका में हरी घास लगाई।

#### शोभायात्रा में विभिन्न झाकियां शामिल थीं, जिन्होंने जनमानस को गहराई से प्रभावित किया

# श्री गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ, 501 कलशों की शोभायात्रा निकाली, जगह-जगह हुआ स्वागत

शोभायात्रा गायत्री मंदिर से आरंभ हुई और शास्त्री कॉलोनी, बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर चौराहा, जेपी मार्केट, रॉयल मार्केट, मिलन गार्डन रोड, इंदौर रोड होते हुए वापस मंदिर पर आकर संपन्न हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





अध्यात्म, संस्कृति और सामाजिक उत्थान का संगम दर्शाते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नगर में चार दिवसीय श्री गायत्री महायज्ञ का भव्य शुभारंभ गुरुवार को किया गया। यह अनुष्ठान जो विशेष रूप से राष्ट्र की शौर्य और समृद्धि के लिए आयोजित किया जा रहा है। आगामी नारी सशक्तिकरण वर्ष 2025-26 को समर्पित है। यह आयोजन गायत्री प्रजापति पीठ रेस्ट हाउस रोड पर संपन्न हो रहा है। जिसका मूल उद्देश्य अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम आचार्य एवं वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के प्रगतिशील विचारों को जन-जन तक पहुँचाना है। विशेषकर उनके जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित महायज्ञ के प्रथम चरण में गुरुवार दोपहर को नगर में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसने पूरे नगर का भ्रमण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

यह शोभायात्रा गायत्री मंदिर से आरंभ हुई और शास्त्री कॉलोनी, बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर चौराहा, जे.पी. मार्केट, रॉयल मार्केट, मिलन गार्डन रोड, इंदौर रोड होते हुए वापस मंदिर पर आकर संपन्न हुई। यह यात्रा न केवल धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा थी। बल्कि इसने समाज को कई महत्त्वपूर्ण संदेश भी दिए। इस मनोहारी कलश यात्रा में 501 कलश शामिल थे। जो सामूहिक शक्ति और आस्था का प्रतीक बन रहे थे। शोभायात्रा में विभिन्न झाँकियाँ शामिल थीं। जिन्होंने जनमानस को गहराई से प्रभावित किया। अशासकीय शिक्षण संस्थान शुभम कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर की झाँकी तैयार की गई थी। जिसने समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। वहीं भारत माता की आकर्षक छवि इस यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। जिसने राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। इस शोभायात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व था। जहाँ नगर की एक बेटी अश्व पर सवार होकर चल रही थी। जो नारी के सम्मान और सशक्तिकरण का जीवंत प्रतीक बनी। इसके अतिरिक्त एक अन्य झाँकी के माध्यम से शहरवासियों को नशा नास की जड़ है संदेश के साथ नशा मुक्ति से बचने के लिए जागरूक किया गया। महायज्ञ के सुचारु और सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से एक विशेष टोली नायक पंडित सूरत सिंह के कुशल नेतृत्व में पहुंची हैं। उसके अतिरिक्त यज्ञ को संगीतमय में बनाने के लिए अपने भजनों और संगीत से यज्ञ के वातावरण को और अधिक पवित्र और ऊर्जावान बनाएंगे। शांतिकुंज से अभिसिंचित देव शक्ति कलश और सभी दिव्य शक्तियों का आगमन हो चुका है जो इस चार दिवसीय आयोजन को आवश्यक आध्यात्मिक ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे। कलश यात्रा के बाद शाम 7 बजे युग शक्ति गायत्री पर उद्बोधन हुआ।

28 नवंबर को प्रातः 6 बजे देव आवाहन गायत्री महायज्ञ का प्रथम चरण संपन्न होगा और प्रातः 8 बजे देव आवाहन की प्रक्रिया जारी रहेगी। शाम 5 बजे राष्ट्र को समर्थ और सशक्त बनाने के उद्देश्य से संगीत प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। 29 नवंबर को प्रातः 8 बजे से महायज्ञ एवं अन्य धार्मिक संस्कार संपन्न होंगे जिसका मुख्य आकर्षण शाम 5 बजे आयोजित होने वाला भव्य 1008 दीपों के साथ दीप महायज्ञ होगा जो प्रकाश और ज्ञान का प्रतीक है। अंत में 30 नवंबर को प्रातः 8 बजे महापूर्णाहुति, गुरुदीक्षा और अन्य संस्कार संपन्न होंगे। जिसके बाद इस चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की विदाई होगी।


## सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



शुक्रवार को ग्राम बगवाड़ा स्थित सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल में लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनएचडीसी के निदेशक अरुण डागा मुख्य रूप से उपस्थित रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे उल्लेखनीय है कि ग्राम बगवाड़ा में सैनिक स्कूल भवन का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें प्रथम चरण का लोकार्पण किया गया वहीं अतिरिक्त भवन के निर्माण का भूमि पूजन किया गया।

## रेत के ट्रकों ने बिगाड़ी यातायात व्यवस्था, आमजन हो रहा परेशान



**बुधनी।** नर्मदापुरम की ओर से रेत लेकर आने वाले ट्रैकों ने बुधनी के गडरिया नाला पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगाड़ दी है रेत ठेकेदार ने रेत को ट्रैकों में रेत की मात्रा नापने के लिए बड़े-बड़े ट्रैकों को नेशनल हाईवे और शाहगंज पुराने मार्ग पर खड़ा करवाना प्रारंभ कर दिया है यह लाइन कभी-कभी एक किलोमीटर से भी ज्यादा हो जाती है जिससे यातायात बुरी तरह से बाधित होता है बुधनी से शाहगंज जाने वाले मार्ग पर रात के समय रेत के ट्रक खड़े कर दिए जाते हैं जिससे यात्री वाहन एवं मोटरसाइकिल सवार जाम में फंस जाते हैं यह सारा खेल रात के समय प्रारंभ होता है नर्मदापुरम की ओर से आने वाले ट्रैकों को सड़क पर खड़ा किया जाने से पूरी सड़क रेत की ढेर में तब्दील हो गई है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं।

## नए साल में आप बन सकेंगे मतदाता : सारिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अगर आप नये साल 2026 की पहली तारीख को 18 साल पूरे होने पर बर्थडे मनाने जा रहे हैं तो बर्थडेपार्टी की योजना बनाने के साथ ही वोटर बनकर लोकतंत्र में योगदान की जिम्मेदारी लेने की तैयारी कर लीजिये । इस बारे में युवाओं को जानकारी देने भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने युवा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । यह कार्यक्रम मुख्य निवार्चन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन किया गया ।

सारिका ने बताया कि आयोग के निर्देशों के अनुसार एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अनुसार 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे । मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरना होगा। यह लोकतंत्र की मजबूती के लिये बेहद अहम है, क्योंकि इससे युवाओं की राजनीतिक भागीदारी और मतदान की पहुंच बढ़ेगी। युवाओं से अपील की कि वे मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के चलाये जा रहे इस अभियान में आगे आयें और निभायें लोकतंत्र में भागीदारी ।

### संविधान दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुति

**सीहोर।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान की पुस्तक पर पुष्प अर्पित कर की गई। अतिथियों ने संविधान को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विद्यालय के उप प्रबंधक संदीप मौर्य रहे। प्राचार्य लोकेश बहादुर सिंह ने संविधान की विशेषताओं पर बात की। उन्होंने नागरिकों के मूल अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। छात्राओं को संविधान के महत्व से अवगत कराया।

**कार्यालय नगर परिषद बुधनी, जिला-सीहोर (म.प्र.)**

Website- npbudni.com, Email-cmobudni@mpurban.gov.in, ph- 07564-234548

क्र. 1700 /2025 // हकअन्तरण आपत्ति सूचना // दिनांक :- 28/11/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नगर पालिका के संपत्ति कर खाते में हकअंतरण की कार्यवाही की जाना है। अतः जिन व्यक्तियों को बिंदु क्र 01 से 25 तक लिखित व्यक्तियो के भूखंड व हकअंतरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर परिषद बुदनी के कार्यालय में लिखित प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है समयावधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम से हकअंतरण की कार्यवाही की जावेगी ।

| क्र. | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | भवन भूमि / प्लाट / वार्ड का नाम | क्षेत्रफल | नामांतरण का आधार | रशीद क्र. / राशि / दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री कपिल कुशवाहा पिता श्री अशोक कुशवाहा | श्री चाहत पिता श्री रमेश कुमार | वार्ड क्रं. 04 प्लाट क्रं. 43 | 900 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/23 दिनांक 09.10.2025 रूपये 4800/- |
| 02 | श्री प्रेमचंद कुमार नरवरे पिता श्री प्यारे लाल नरवारे | श्रीमति भारती पत्नि श्री अनिल | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. 43 एवं 44 | 600 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/24 दिनांक 10.10.2025 रूपये 3700/- |
| 03 | मान इन्टरप्राइजेस | श्रीमति ऋतू कोड़ले पत्नि श्री कोमल कोडले | वार्ड क्रं. 11 प्लाट क्रं. सी 10 | 97.06 वर्गमीटर | पंजीकृत रजिस्टी | 83/25 दिनांक 13.10.2025 रूपये 4600/- |
| 04 | श्री अजय सक्सेना पिता स्व. श्री गोपीलाल सक्सेना एवं श्री घनश्याम यादव पिता स्व. श्री सीताराम यादव | श्री ललित साहू पिता श्री संतोष साहू | वार्ड क्रं. 09 प्लाट क्रं. 19 | 822 वर्गफुट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/26 दिनांक 13.10.2025 रूपये 5144/- |
| 05 | श्री रामकिशोर निगोटे पिता श्री रामचरण निगोटे | श्रीमति पुष्पा यादव पत्नि श्री संतोष कुमार यादव | वार्ड क्रं. 09 प्लाट क्रं. 308 | 1200 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/27 दिनांक 15.10.2025 रूपये 5400/- |
| 06 | श्री आशुतोष निगोते पिता श्री गौरीशंकर निगोते | श्री दीपक साहू पिता श्री फूलचन्द साहू | वार्ड क्रं. 09 प्लाट क्रं. ई 03 | 545 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/28 दिनांक 15.10.2025 रूपये 4590/- |
| 07 | श्रीमति सविता सिलोरिया पत्नि श्री अशोक कुमार एवं अन्य | श्री सचिन लोवंशी पिता श्री गणेश प्रसाद लोवंशी | वार्ड क्रं. 04 प्लाट क्रं. 45 | 900 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/29 दिनांक 16.10.2025 रूपये 4300/- |
| 08 | श्री लीलाधर यादव पिता श्री टीकाराम एवं अन्य | श्री रामकिशोर निगोटे पिता श्री रामचरण निगोटे | वार्ड क्रं. 09 खसरा क्रं. 137/1/3 में से | 725 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/30 दिनांक 16.10.2025 रूपये 4950/- |
| 09 | श्री लीलाधर यादव पिता श्री टीकाराम एवं अन्य | श्री रामकिशोर निगोटे पिता श्री रामचरण निगोटे | वार्ड क्रं. 12 खसरा क्रं. 137/1/3 में से | 725 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/31 दिनांक 16.10.2025 रूपये 4950/- |
| 10 | श्री लीलाधर यादव पिता श्री टीकाराम एवं अन्य | श्री रामकिशोर निगोटे पिता श्री रामचरण निगोटे | वार्ड क्रं. 12 खसरा क्रं. 137/1/3 में से | 725 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/32 दिनांक 16.10.2025 रूपये 4950/- |
| 11 | श्री लीलाधर यादव पिता श्री टीकाराम एवं अन्य | श्री रामकिशोर निगोटे पिता श्री रामचरण निगोटे | वार्ड क्रं. 12 खसरा क्रं. 137/1/3 में से | 725 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/33 दिनांक 16.10.2025 रूपये 4950/- |
| 12 | श्री लीलाधर यादव पिता श्री टीकाराम एवं अन्य | श्री रामकिशोर निगोटे पिता श्री रामचरण निगोटे | वार्ड क्रं. 12 खसरा क्रं. 137/1/3 में से | 725 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/34 दिनांक 16.10.2025 रूपये 4950/- |
| 13 | श्री लीलाधर यादव पिता श्री टीकाराम एवं अन्य | श्री रामकिशोर निगोटे पिता श्री रामचरण निगोटे | वार्ड क्रं. 12 खसरा क्रं. 137/1/3 में से | 725 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/35 दिनांक 16.10.2025 रूपये 4950/- |
| 14 | श्रीमति निकिता रैकवार पत्नि श्री सुभाष मांझी | श्रीमति किरण साहू पत्नि श्री देवेन्द्र साहू | वार्ड क्रं. 09 प्लाट क्रं. 246 | 725 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/36 दिनांक 16.10.2025 रूपये 4000/- |
| 15 | श्री सचिन तोमर पिता श्री बलवान सिंह तोमर | श्री दीपक राय पिता श्री कोमल प्रसाद राय | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. 90 | 555 वर्गफुट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/37 दिनांक 17.10.2025 रूपये 4610/- |
| 16 | श्री सचिन तोमर पिता श्री बलवान सिंह तोमर एवं शोभना बाई तोमर | श्री नारायण प्रसाद मेहरा पिता श्री कृपाराम मेहरा | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. 50 | 1000 वर्गफुट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/38 दिनांक 24.10.2025 रूपये 5500/- |
| 17 | श्री सुरेश रजने पिता स्व. श्री भैयालाल रजने एवं विमला बाई | श्री भोला यदुवंशी पिता श्री बिन्तीलाल यदुवंशी | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. 16 | 800 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/39 दिनांक 24.10.2025 रूपये 5100/- |
| 18 | श्री रामकिशोर निगोटे पिता श्री रामचरण निगोटे | श्रीमति वर्षा हजारे पत्नि श्री नीलेश हजारे | वार्ड क्रं. 09 प्लाट क्रं. 332 | 738 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/40 दिनांक 27.10.2025 रूपये 3976/- |
| 19 | श्री जयराज जुगानी पिता श्री मंशाराम जुगानी | श्री शुभम मालवीय पिता श्री मदन मालवीय एवं श्री मदन लाल मालवीय पिता श्री तांतूराम मालवीय | वार्ड क्रं. 09 प्लाट क्रं. 01 | 4579.27 वर्गफिट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/41 दिनांक 27.10.2025 रूपये 12359/- |
| 20 | श्री राजेश त्रिपाठी पिता श्री त्रिभुवननाथ त्रिपाठी | श्रीमति सरिता सूर्यवंशी पत्नि श्री राजू सूर्यवंशी एवं श्री राजू सूर्यवंशी पिता श्री भारत सूर्यवंशी | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. 16 | 1000 वर्गफुट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/42 दिनांक 27.10.2025 रूपये 5500/- |
| 21 | श्री कोमल कोड़ले पिता श्री सालकाराम कोडले | श्री ग्यार सिंह पिता श्री हीरालाल | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. 108 | 600 वर्गफुट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/43 दिनांक 27.10.2025 रूपये 3200/- |
| 22 | श्री सचिन तोमर पिता श्री बलवान सिंह तोमर | श्रीमंति सविता देवी पत्नि श्री उपेन्द्र सिंह | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. बी03 | 880 वर्गफुट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/44 दिनांक 24.10.2025 रूपये 5260/- |
| 23 | श्री रमन बब्बर पिता स्व. श्री चन्द्रमोहन बब्बर एवं अन्य | श्रीमति श्वेता नामदेव पिता श्री सुनील कुमार | वार्ड क्रं. 10 प्लाट क्रं. 148 | 74.42 वर्गमीटर | पंजीकृत रजिस्टी | 83/45 दिनांक 27.10.2025 रूपये 5100/- |
| 24 | श्री जयराज जुगानी पिता श्री मंशाराम जुगानी | श्री रितिक यादव पिता श्री राजकुमार यादव | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. 01 एवं 02 | 2546.8 वर्गफुट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/46 दिनांक 27.10.2025 रूपये 7593/- |
| 25 | श्री हरीशंकर बब्बर पिता श्री चुन्नलाल बब्बर | श्री राहुल हजारे पिता श्री दिनदयाल हजारे | वार्ड क्रं. 12 प्लाट क्रं. 174 | 735 वर्गफुट | पंजीकृत रजिस्टी | 83/47 दिनांक 27.10.2025 रूपये 3970/- |

मुख्य नगर पलिका अधिकारी
नगर परिषद बुधनी

#### सीएम डॉ. मोहन यादव से की पूर्व नपा अध्यक्ष अरोरा ने मुलाकात

# प्रत्यक्ष प्रणाली से नपा, नप अध्यक्ष चुनने का सरकार का फैसला अनुकरणीय: जसपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच जहां सीहोर की राजनीति का लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई तो वहीं श्री अरोरा ने मुख्यमंत्री का आभार भी प्रकट किया। उन्होंने सरकार द्वारा कैबिनेट में लिए गए नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किए जाने संबंधी निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है।

इस दौरान सीहोर में कई जन समस्याओं को लेकर भी श्री अरोरा ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया। अरोरा ने कहा कि मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने कैबिनेट में जो नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किए जाने संबंधी प्रस्ताव पास किया है वह अनुकरणीय फैसला है। अब यह प्रस्ताव विधानसभा में जाएगा। इसके बाद आने वाले निकाय चुनाव में जनता ही अपने प्रतिनिधि को सीधे चुन सकेगी। श्री अरोरा ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 1999 से 2014 तक नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा कराया जाता था।

इसके बाद वर्ष 2022 में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से वार्डों के निर्वाचित पार्षदों के द्वारा कराए गए, लेकिन अब फिर से सरकार ने प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने का निर्णय लेकर अनुकरणीय कार्य किया है। यह फैसला जनता के हित में है, ताकि जनता अपना प्रतिनिधि स्वयं चुन सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने यह फैसला लेकर जनता को एक नई सौगात दी है।

### अभयपुर गांव में अपराध विवेचना, स्मैकची को पकड़ने गई थी पचोर

# गलतफहमी का शिकार हुई पुलिस की टीम, ग्रामीणों ने किया हमला

## जिन स्मैकचियों को पकड़ना था उनकी जगह निर्दोष युवक को पकड़ा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत आ रहे गांव अभयपुर में एक अपराध की विवेचना और स्मैक कारोबारी को गिरफ्तार करने पहुंची पचोर पुलिस की टीम ने एक निर्दोष युवक को धर-दबोचा। इस युवक को कार में जबरन बैठाकर ले जा रही पुलिस टीम को ग्रामीणों व अज्ञात लोगों ने अपहरणकर्ता समझते हुए टीम पर हमला बोल दिया।

इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जिनका ईलाज खिलचीपुर अस्पताल में चल रहा है। इसके साथ ही अज्ञात लोगों ने पुलिस टीम द्वारा लाई गई कार में भी तोड़फोड़ करते हुए उसके कांच फोड़ दिए। खबर लिखे जाने तक पूरे मामले में कार्यवाही जारी थी।

### क्या है पूरा मामला

सूत्रों के अनुसार पचोर थाने की पुलिस टीम में शामिल एसआई सुरेश मेवाडे, आरक्षक अरविंद गोयल एवं गौरव परमार गुरुवार दोपहर अभयपुर गांव में एक अपराध की जांच और किसी मुजरिम को पकड़ने गए थे। पुलिस की यह टीम विभागीय वाहन नहीं बल्कि एमपी-37 नबंर वाली कार से पहुंची थी। इसके साथ ही इन पुलिसकर्मियों ने वर्दी भी नहीं पहनी हुई थी।

टीम में शामिल पुलिसकर्मी जिस मुजरिम को पकड़ने आए थे उसकी बजाय गलतफहमी में पूरसिंह सौंधिया नाम के युवक को जबरन पकड़कर ले जाने लगे। पुलिसकर्मियों द्वारा झूमाझटकी एवं जबरदस्ती करते हुए जब पूरसिंह को अपने साथ कार में बैठाकर ले जाने की कोशिश की जा रही थी तो ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणजनों ने पुलिसकर्मियों को ऐसा करने से रोका। बात बड़ी और अपने गांव से निर्दोष युवक को ले जा रहे पुलिसकर्मियों से मारपीट शुरू हो गई। इस मारपीट में पचोर थाने के आरक्षक अरविंद गोयल और गोरव परमार को चोंट आई जिन्हें घटना के बाद खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### मीडिया से कुछ कहने से बचते नजर आए पुलिस अधिकारी

इस मामले में पचोर पुलिस पूरी तरह गलत थी और निर्दोष व्यक्ति को जबरन पकड़कर ले जा रही थी ऐसे में काफी समय तक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मीडिया को किसी भी तरह का बयान देने से बचते नजर आए। हरिभूमि ने इस संबंध में पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया को फोन लगाया तो उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया। खिलचीपुर टीआई उमाशंकर मुकाती द्वारा भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई।

### यह भी रहा हमले का कारण

दरअसल, कुछ दिनों पूर्व अभयपुर गांव के आसपास से ही कुछ बदमाशों द्वारा एक युवक को अगवा किए जाने जैसी एक घटना हुई थी। ऐसे में इस मामले को भी ग्रामीणों ने वैसा ही समझा और पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। हालांकि, किन व्यक्तियों द्वारा ऐसा किया गया है, उनके नाम खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आए थे।

### मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को पूर्ण करने में अब 6 दिन

# एसआईआर : जिले की 5 विधानसभाओं में 87 फीसदी कार्य पूर्ण किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य अब तेज गति से होने लगा है। निवार्चन से जुड़ा यह अति महत्वपूर्ण कार्य गत 04 नवंबर से आरंभ हुआ था। शुरूआत के कुछ दिनों तक बीएलओ व अन्य कर्मचारियों को गणना पत्रकों के वितरण में लग गए। ऐसे में शुरूआत में राजगढ़ जिला एसआईआर कार्य में प्रदेश की अंडर फाइव जिलों की सूची में था। लेकिन, अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग एवं बीएलओ सहित इस कार्य से जुड़े अन्य कर्मचारियों द्वारा तन्मयता और लगन से काम करने के चलते पांचों विधानसभाओं को मिलाकर एसआईआर का लगभग 87 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। गुरुवार 27 नवंबर की शाम 4 बजे की स्थिति में जिले के कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं में से 10 लाख 24 हजार 762 मतदाताओं के फाम्र्स डिजिलाईज्ड किए जा चुके थे। एसआईआर से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी सुबह से लेकर देर रात्रि तक इस काम में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि निवार्चन आयोग ने एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर निर्धारित की हुई है। ऐसे में अब इस कार्य में एक हफ्ते का समय ही शेष बचा है।

### खिलचीपुर विधानसभा अभी भी अव्वल

एसआईआर कार्य के तहत सभी वोर्टर्स के गणना-पत्रकों के डिजीटाईलेजशन कार्य में जिले की पांचों विधानसभाओं में से खिलचीपुर विधानसभा अव्वल नबंर पर है। यहां करीब-करीब 93 फीसदी वोर्टर्स के गणना-पत्रकों को डिजीटाईजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। खिलचीपुर के बाद सारंगपुर विधानसभा दूसरे नंबर पर है जहां लगभग 88 फीसदी एसआईआर पूरा किया जा चुका है।

## आईएएस वर्मा का विरोध लगातार जारी



**खुजनेर।** गुरुवार को समस्त ब्राह्मण समाज खुजनेर के तत्वाधान में आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई कि कोई ब्राह्मण परिवार अपनी बेटी को मेरे बेटे को दान करें और मेरा बेटा उससे संबंध बनाएं ऐसे वक्तव्य की घोर निंदा करते हुवे विरोध में ब्राह्मण समाज के सभी सदस्य आज मंदिर श्री चरणदास जी पर एकत्रित होकर बाइक रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय खुजनेर पहुंचे जहां पर तहसीलदार मैडम को पै संतोष वर्मा के खिलाफ ज्ञापन सोपा गया एवं पै संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग की गई तथा साथ ही उचित दंडात्मक कार्रवाई करने की सरकार से मांग की गई एवं खुजनेर थाना प्रभारी टी आई साहब को ज्ञापन सौंपा गया तथा आई एस सन्तोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई।

# यात्री बस-ट्रैक्टर में भीषण टक्कर: दोनों के चालक गंभीर, बस में 30 यात्री थे



**सारंगपुर।** गुरुवार सुबह आगरादृमुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सारंगपुर के समीप बड़ा सड़क हादसा हो गया। ग्वालियर से इंदौर जा रही पीतांबरा बस सर्विस की यात्री बस और एक ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में सवार करीब 30 यात्रियों को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद हाइवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ देर तक यातायात बाधित रहा।

घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि झांसी से संचालित पीतांबरा बस कंपनी की यह बस भूराखेड़ी गांव के पास पहुंची ही थी कि चालक को अचानक नींद का झोंका आ गया। उसी समय खेत के रास्ते से मुख्य सड़क पर आ रहे एक आयशर ट्रैक्टर से बस की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर बीच से दो हिस्सों में टूट गया और बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस चालक हरेंद्र अहिरवार, निवासी झांसी, के पैर में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। वहीं बरूखेड़ी निवासी ट्रैक्टर चालक संतोष सिंह को सिर, हाथ और पैरों में गहरी चोटें आईं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सारंगपुर सिविल अस्पताल से शाजापुर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर मनोहरसिंह पटेल, निवासी बरूखेड़ी का था और वह खेत मार्ग से निकलकर हाइवे पर आ रहा था तभी तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। बस में सवार अन्य 30 यात्रियों को मामूली खरोंचें आईं। पुलिस टीम ने सभी का मौके पर ही प्राथमिक चेकअप करवाया और उन्हें दूसरी बस से इंदौर रवाना किया। हादसे के बाद हाइवे पर करीब आधे घंटे तक जाम जैसी स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर यातायात सामान्य कराया।

### बोले जिम्मेदार

थाना प्रभारी हाड़ा ने बताया कि बस के अनियंत्रित होने और चालक की झपकी लेने के कारण हादसा हुआ। मामले में जांच जारी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर पंचनामा तैयार किया है।



## आईएएस वर्मा के विरोध में उठे स्वर

**माचलपुर।** ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के लिये गत दिवस भोपाल में आजक्स की आयोजित बैठक में सार्वजनिक रूप से आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा कहा की जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान नहीं देगा या संबंध नहीं बनायेगा तब तक आरक्षण जारी रहेगा। उक्त वक्तव्य का पूरे प्रदेश में विरोध किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को सकल ब्राह्मण समाज द्वारा एक ज्ञापन पुलिस महानिदेशक के नाम का पुलिस थाने में पहुंच कर एएसआई समीर खान को सौंप और मांग की गई कि उक्त मनोविक्षिप्तता से ग्रसित संतोष वर्मा जैसे अधिकारी प्रशासनिक पद पर बैठ कर ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के संदर्भ में अमर्यादित टिप्पणी की गई जो निंदनीय है और विकृत मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है अतः इस अधिकारी पर भारतीय दंड सहित की धारा के तहत कठोर कार्यवाही की जाए क्योंकि इनकी टिप्पणी ब्राह्मण समाज ही नहीं हर बहन बेटी का अपमान है। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि वर्मा का यहां बयान कुंठित मनोभाव उनकी अपेक्षित निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रश्न चिन्ह है ऐसा व्यक्ति प्रशासनिक व्यवस्था को कलंकित करता है और बहन बेटियों को वस्तु मानता जिससे सभ्य समाज में इस विकृत मानसिकता वाले अधिकारी की कोई जगह नहीं है। थाने में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग आक्रोश था और नारे बाजी कर रहे थे। इस अवसर बालमुकुंद सराफ, राजेंद्र सिंह मंडलोई,प्रकाश नागर, ब्रजभूषण त्रिवेदी, भेरूसिंह मंडलोई, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

## वीआईटी विवाद के चलते अभाविप ने किया पुतला दहन

**सारंगपुर।** वीआईटी भोपाल में निम्न-स्तरीय भोजन व खराब पेयजल की आपूर्ति को लेकर छात्रों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। बीती रात छात्रों ने मेस एवं हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। विरोधरत छात्रों का कहना है कि पिछले कई दिनों से परोसा जा रहा भोजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, जिसके चलते कई विद्यार्थियों में जॉन्डिस जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। कुछ छात्रों की स्थिति गंभीर होने की आशंका ने भी माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया है।छात्रों ने आरोप लगाया कि समस्या उठाने पर प्रशासन ने उन्हें दबाने का प्रयास किया और विरोध को भांपते ही अचानक विश्वविद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया। विद्यार्थियों का कहना है कि यह कदम असंतोष को शांत करने के बजाय मामले को टालने का प्रयास है, जो अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना है।

## सारंगपुर पुलिस की सक्रियता बड़ी सफलता, ब्यावरा लूट कांड के आरोपी धर-दबोचे



**सारंगपुर।** बुधवार शाम को एक बुजुर्ग के साथ ब्यावरा में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात में शामिल दो आरोपी को सारंगपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की तीव्र कार्रवाई और सतत निगरानी के चलते आरोपी पुलिस के हाथों से बच नहीं सके। आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बेझिझक नंगे पैर दौड़कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस की इस तत्परता, साहस और व्यावसायिक दक्षता की क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्यावरा थाना अंतर्गत एक 60 वर्षीय बुजुर्गों के साथ दो युवकों ने लूट की घटना को अंजाम दिया और आरोपी सारंगपुर की तरफ भागे सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने टीम के साथ त्वरित घेराबंदी की। आरोपी ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन दृढ़ संकल्प और तेजी दिखाते हुए थाना प्रभारी हाड़ा ने कुछ दूरी तक नंगे पैर दौड़कर आरोपी को पकड़ लिया। इस कार्रवाई ने टीम भावना और महिला नेतृत्व की मजबूत भूमिका को भी रेखांकित किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को विधिवत पूछताछ व आवश्यक कार्रवाई के उपरांत ब्यावरा थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अन्य नाम और संभावित सहयोगी भी सामने आने की संभावना है, जिसके आधार पर आगे की जांच जारी रहेगी। सारंगपुर पुलिस की इस सक्रियता ने एक बार फिर साबित किया है कि अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, पुलिस की तत्परता और मजबूत रणनीति से अपराधी कानून के शिकंजे से भाग नहीं सकता। नगर के नागरिकों ने भी थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और पुलिस टीम के साहसिक कार्य की सराहना व्यक्त की है।

### निजी स्कूल के छात्र-छात्राओं की पहल

## जरूरतमंदों के लिए स्कूली बच्चों ने एकत्रित किए गर्म कपड़े

**राजगढ़।** जिले में हल्की शीतलहर और ठंड का लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसी को देखते हुए स्थानीय स्कूल के बच्चों ने जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद करने स्वयं एवं परिवारजनों से एकत्रित नए एवं कुछ गर्म कपड़े, स्वेटर, जॉकेट इत्यादि संस्था में लाकर जमा करवाए। शाला संचालक राकेश पांडे ने बताया कि बच्चों द्वारा लाए गए इन गर्म कपड़ों को ग्रामीण क्षेत्र, सराय, प्रतीक्षालयों सहित अन्य स्थानों के जरूरतमंद व्यक्तियों को प्रदान किया जाएगा ताकि वे भीषण ठंड का सामना कर सकें। स्कूली बच्चों का यह प्रयास ठंड के मौसम में लगातार चलता रहेगा। स्कूल संचालक श्री पांडे ने इस मानवीय एवं पुनीत कार्य के लिए सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की इस प्रकार से मदद करने का कार्य करते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन में इस उम्र से ही सेवाभाव और मानवीय संस्कारों के बीज बोने से आगे जाकर बच्चे समाजसेवा और राष्ट्रसेवा के मजबूत स्तंभ बन सकेंगे। वस्त्र दान करने वाले विद्यार्थियों में साक्षी वर्मा, तनिष्का दुबे, महविश हुसैन, सुहाना कोकाशिया, आलिया हाशमी, अश्मीरा हाशमी, नमन उपाध्याय, कनक मेवाड़े, ट्विंकल विश्वकर्मा, संस्कार गौड़, नीलांश विश्वकर्मा, आराध्या उपाध्याय, निशांक विश्वकर्मा एवं नक्श उपाध्याय शामिल हैं।

## गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया



**ब्यावरा।** सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा में आज गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं उपस्थित जनसमूह ने गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में राष्ट्र, धर्म और मानवता के प्रति प्रेरणा का संदेश देना रहा।

## जेसीबी से पुष्प वर्षा कर किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का स्वागत



**कुरावर।** गुरुवार को सुबह पीलूखेड़ी बस स्टैंड पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का प्रथम बार नरसिंहगढ़ आगमन पर विधायक मोहन शर्मा एवं जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जेसीबी से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उसके बाद लगभग 400 गाड़ियों के चार पहिया वाहन के काफिले के साथ नरसिंहगढ़ में होने वाली एसआईआर की जिला कार्यकारिणी की बैठक शामिल होने के लिए रवाना हो गए। उनका स्वागत ग्राम बड़नगर, माना, बिजोरी, झाड़ला , जमुनिया गोप चैहान, तीज बड़ली हनुमान मंदिर, साका श्याम जी, सराना, बड़ोदिया तालाब, एवं बोड़ा बायपास मार्ग पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीण जनों ने उनका जगह-जगह स्वागत किया।

# ग्राम कडवाला में गीता सुतारिया शिक्षण संस्था नव अंकुर समिति की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

ग्राम कडवाला में गीता सुतारिया शिक्षण संस्था नव अंकुर समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद तथा ब्लॉक समन्वयक सीमा बेडवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गीतासुतारिया शिक्षण संस्था के अध्यक्ष दिनेश पुरबिया, सरपंच हेमंत कुमार राठौर, परामर्शदाता अरविंद गुजराती उपस्थित रहे। जिसमें समिति के साथ बैठक के साथ चार रजिस्टर बनाना है एवं बैनर बनाना अनिवार्य है। कार्यवाही किस प्रकार लिखते इस प्रकार की जानकारी जिला समन्वयक द्वारा दी गई एवं कार्यक्रम में बोरी बंधान भी किया गया। 40 बोरियों का बोरी बंधान जल है तो कल है पानी है अनमोल सोच समझ कर ढोल भारत माता की जय भारत माता की जय जल है तो कल है जल है तो इस प्रकार के नारे लगाकर गोरी वंदन किया गया। बैठक में ग्रामवासियों की अच्छी सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर राम पाटीदार, हरज्ञान सिंह राजपूत, मुकेश सूर्यवंशी, देवनारायण धनगर भगवती प्रसाद शर्मा पुजारी सियाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सामुदायिक विकास, शिक्षा एवं समाजहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की तथा संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। सभी उपस्थितजनों ने मिलकर ग्राम विकास और जनभागीदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### प्रजापिता ब्रहाकुमारी संस्था ने आयोजित किया तीन दिवसीय

# जेल के बंदियों को बताए जीवन में परिवर्तन में लाने टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




विभिन्न अपराधों के चलते जेल में सजा काट रहे बंदियों की तनाव मुक्ति एवं उनके हृदय परिवर्तन के लिए प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था द्वारा तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिवस खुशी महोत्सव, द्वितीय दिवस आनंद महोत्सव एवं तृतीय दिवस परिवर्तन महोत्सव के तहत बंदियों में तनाव मुक्ति, जीवन में शांति एवं जीवन की दिशा बदलने संबंधी बातें उन्हें बताई गईं।

खुशी महोत्सव के तहत सुख को जीवन में आने दो विषय पर बोलते हुए राजयोगिनी सुरेखा दीदी ने कहा कि हमें अपनी खुशी के लिए दूसरों की खुशियां छीनने का कोई हक नहीं है बल्कि दूसरों की खुशियों में हमें भी खुश रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति एक ही ईश्वर की संतानें हैं और पूरा विश्व हमारा परिवार है। ऐसे में अब हम सबको मिलकर इस दुनिया को एक सुंदर सतयुगी दुनियां बनानी है। ऐसी दुनिया जिसमें कोई दुखी न हो, कोई बीमार न हो। इसके लिए हमें अपनी आदतों को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि संकल्प से श्रृष्टि रची गई तो पहले हमें अपने संकल्प का परिवर्तन करना होगा और सभी के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार रखना पड़ेगा। सभी को एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलना है।

**सदैव एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलें:** राजयोगिनी दीदी ने कहा कि हम सभी को एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलना चाहिए। हम सभी इस श्रृष्टि रूपी रंगमंच के कलाकार हैं जहां हम अलग-अलग रोल निभा रहे हैं। इस रंगमंच के डायरेक्टर स्वयं परमात्मा हैं। इसीलिए जीवन में आने वाली हर समस्या, स्थितियों से सीख लेकर आगे बढ़ते रहना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

## फुटबॉल प्रतियोगिता में सीहोर क्लब ने मिनी बाइज को 3-0 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर शनिवार को एमपीपीएल फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत बिल्अप सीहोर और लेक सिटी भोपाल के मध्य दोपहर दो बजे खेला जाएगा। वहीं शुक्रवार की शाम को जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेल गए। इसमें पहला मैच सीहोर क्लब ने मिनी बाइज को 3-0 के अंतर से हराया। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया था, इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन ने कांटे की टक्कर में सीहोर बाइज को 3-2 से हराया। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया का जन्म दिन यहां पर खेल संगठनों और फुटबाल खिलाड़ियों ने मनाया। इस मौके पर सचिव कन्नोजिया ने बताया कि यहां पर हर खिलाड़ी मेरे लिए अपने बच्चे की भांति है और एसोसिएशन का उद्देश्य है कि आजीवन यहां पर निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण हर इच्छुक खिलाड़ी को मिलती रहे।

चर्च मैदान पर सैकड़ों की संख्या में आने वाले खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है, इसके अलावा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखारने के पश्चात मंच दिया जा रहा है। इसके लिए एसोसिएशन के सचिव कन्नोजिया और समस्त सीनियर खिलाड़ियों का आशीर्वाद है।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को पहला मैच सीहोर क्लब और मिनी बाइज के मध्य खेला गया था, इस मैच में सीहोर क्लब के राजवीर ने दो गोल और कुणाल के एक गोल के कारण सीहोर बाइज को 3-0 के अंतर से हराया। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया। इस मैच में दोनों ही टीम हाफ तक 2-2 से बराबरी पर थी, लेकिन सीहोर चिल्ड्रन के विनायक ने शानदार गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से आदित्य ने दो गोल, विनायक ने एक गोल किया। इधर सीहोर बाइज की ओर से युवराज ने दो गोल किए थे।

### नगर में श्री सुविधीनाथ परमात्मा के महाअभिषेक का हुआ अदभुत आयोजन

# विभिन्न प्रकार की दुर्लभ औषधियों व मधुर संगीत के साथ किया अभिषेक

भक्ति और आस्था के रंग में रंगा जैन समाज, हुए कई आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड स्थानीय श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर में शतावधानी मुनिराज परम पूज्य प्रत्यक्ष रत्न विजय जी महाराज एवं पवित्र रत्न विजय जी महाराज की पवित्र पावनकारी निश्रा में गुरुवार को परमात्मा का परम रस महाभिषेक विभिन्न प्रकार की दुर्लभ औषधीयौ से मधुर संगीत के साथ किया गया अभिषेक प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ हुआ जो विधि विधान एवं सुमधुर संगीत एवं भक्ति गीतों के साथ 3 घंटे चला परम रस महाअभिषेक को नागदा से पधारे प्रसिद्ध संगीतकार आयुष जैन बोहरा मैं अपने सुरीली आवाज एवं सुमधुर संगीत के साथ संपन्न करवाया समाज जनों ने भाव विभोर होकर परमात्मा के सामने नृत्य कर अनंतकर्मों की निर्जरा की, इस महा मंगलकारी अवसर पर मुनिराज श्री ने कहा कि हम अभिषेक तो परमात्मा का कर रहे हैं।लेकिन कषाय रूपी मेल हमारा धूल रहा है। अनंत महा पुण्यों के उदय से ही हमें परमात्मा का अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त होता है । वही अनूठा मंगलमय अवसर एवं सौभाग्य महिदपुर रोड श्री संघ को प्राप्त हुआ है। महाअभिषेक में लाभ लेने वाले लाभार्थी परिवार विजय कुमार, पीयूष कुमार बरडिया, पारसमल, अनोखी लाल भंडारी परिवार, समस्त चौरडिया परिवार, मनोहर लाल, हेमंत कुमार ,सिद्धार्थ कुमार कोचर परिवार, रमेश चंद, दिनेश जैन बोस, राजेश कुमार , राहुल कुमार बोथरा परिवार एवं श्री संघ के महानुभव द्वारा



लाभ लिया गया दोपहर में गुरुदेव राजेंद्र सुरिश्वर जी महाराज की अष्टप्रकारी पूजा दोपहर 1:30 बजे श्री संघ एवं परिषद की महिलाओं द्वारा संगीतमय भक्ति गीतों के साथ पढ़ाई गई जिसका लाभ लाभार्थी संदीप कुमार सुरेश चंद चत्तर परिवार द्वारा किया गया पूज्य मुनिराज प्रत्यक्ष रत्न विजय जी म,सा आदि ठाणा 2 ने शाम को बप्पैया होते हुए आलोट की ओर विहार किया मुनिराज श्री की निश्रा में 2 तारीख को आलोट से नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थं का छरिपालीत एक दिवसीय पैदल संघ निकाला जाएगा मंगलमय आयोजन में सकल जैन श्री संघ नवयुवक महिला बहू तरुण बालिका परिषद ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।



# एक सप्ताह में पार्वती नदी का तीन फीट घटा पानी

**नदी से लगातार हो रहा पानी चोरी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की जीवनदायनी पार्वती नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है। बीते एक सप्ताह में नदी का पानी 3 फीट कम हो गया है, जो चिंता का विषय है। इस वर्ष पर्याप्त बारिश के कारण पार्वती नदी लबालब भरी हुई थी और पिछले महीने तक पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा था। हालांकि, एक महीने के भीतर ही जलस्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है।जलस्तर में कमी के बावजूद, नदी से पानी की चोरी लगातार जारी है। नगर पालिका ने दिखावे के लिए कुछ दिन पहले पांच मोटरें जब्त की थीं, लेकिन यह कार्रवाई नाकाफी साबित हो रही है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो गर्मियों में लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।पार्वती नदी के पानी की चोरी रोकने के लिए नगर पालिका ने एक टीम गठित की है और नदी किनारे चेकिंग के लिए नाव भी उपलब्ध है। इसके बावजूद, जलस्तर में 3 फीट की कमी नगर पालिका की गंभीरता पर सवाल उठाती है। नागरिको ने बताया कि नगर पालिका को पार्वती नदी के पानी पर लगातार निगरानी रखनी चाहिए और नदी किनारे मोटरों से हो रही पानी की चोरी को रोकना चाहिए। इस संबंध में नगर पालिका के सीएमओ विनोद प्रजापति ने कहा कि नगर पालिका की टीम गठित है और लगातार पार्वती नदी किनारे सर्चिंग कर रही है। बताया कि जहां भी पानी चोरी की जानकारी मिलती है, कार्रवाई की जाती है और पिछले दिनों पांच मोटरें जब्त की गई थीं।

# देश सेवा में समर्पण भाव से योगदान देने वाले भूतपूर्व सैनिक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय सेना के पूर्व सैनिक एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आष्टा निवासी संतोष शर्मा का चयन म.प्र. से वेटर्न अचीवर्स अवार्ड के लिए हुआ था, 25 नवंबर को सेना प्रमुख आर्मी हेडक्वार्टर नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में यह अवार्ड प्रदान किया गया।

आपको बता दें की शहीद सैनिक परिवारों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों के कल्याण कार्य के साथ राष्ट्रभक्ति और निर्माण कार्यों में पिछले 10 वर्ष से समर्पण भाव से अपना योगदान देने वाले एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी मध्य प्रदेश के अध्यक्ष, संतोष शर्मा को 25 नवंबर को



आयोजित कार्यक्रम में आर्मी हेडक्वार्टर नई दिल्ली में सर्वोच्च सशस्त्र सेना कमांडर द्वारा वेटर्न अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। गौरतलब है की मप्र से एकमात्र चयनित संतोष शर्मा को यह सम्मान मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर सीहोर जिले सहित आष्टा और मप्र को गौरव प्राप्त हुआ है। इस दौरान सभी राष्ट्र सेवी संस्थाएं,धार्मिक सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधिगण द्वारा एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी को शुभकामनाएं दी गई।

# वाहन चालकों को सुरक्षित वाहन चलाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

डीबीसीपीएल के सीएस आर प्रबंधक द्वारा सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चौपाल लगा कर ग्रामीणों युवाओं के साथ क्षेत्रीय वाहन चालकों को समझाया जा रहा है। बताया कि एक छोटा बच्चा जब थोड़ी ऊंचाई पर बैठाया गया, तो कुछ देर खेलने के बाद वह अपनी मां को पुकारने लगा मम्मी बचाओ, बचाओ! क्योंकि उस मासूम को अपनी सुरक्षा की चिंता थी। उसे डर था कि वह गिर न जाए, उसे चोट न लग जाए।

लेकिन दुख की बात है कि आज हमारे युवा साथी और कई बार अभिभावक भी अपनी सुरक्षा और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर उतने सजग नहीं दिखते। मोबाइल में व्यस्त रहना, सड़क पर जल्दबाज़ी, हेलमेट या सीट बेल्ट न लगाना, बच्चों को बिना देखरेख सड़कों पर छोड़ देना, यह सब छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े हादसों का कारण बन जाती हैं। यदि एक छोटा बच्चा भी अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क हो सकता है, तो हम क्यों नहीं? समाज की सुरक्षा हमारे ही




व्यवहार से शुरू होती है। इसलिए समाज को सुरक्षा के प्रति आवश्यक मार्गदर्शन है कि, सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, जीवन की अनिवार्यता है। सड़क से लेकर घर तक, हर कदम सावधानी से उठाएं। बच्चों को सुरक्षा के मूल नियम सिखाएं। उन्हें समझाएं सड़क पार कैसे करें, किससे मदद लें, किस परिस्थिति में क्या करें। यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। हेलमेट, सीट बेल्ट, स्पीड कंट्रोल यह आपकी जिंदगी की ढाल हैं। घर, स्कूल और समाज में 'सुरक्षा संस्कृति' विकसित करें। युवाओं को यह समझाना आवश्यक है कि परिवार की सुरक्षा भी उन्हीं पर निर्भर है। उनकी एक सावधानी पूरे परिवार को सुरक्षित रख सकती है। सुरक्षा समझदार का आभूषण है, और लापरवाही जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है। यदि बच्चा सुरक्षा की पुकार कर सकता है, तो हम सबको भी अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए जागरूक होना ही चाहिए। सुरक्षित समाज का निर्माण, हमारी सजगता, जिम्मेदार व्यवहार से संभव है।

# समाज सुधार के महानायक महात्मा ज्योतिबा फुले को कुशवाहा समाज ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के शास्त्री स्कूल स्थित परसराम कांप्लेक्स पर कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा के कार्यालय पर समाज जन द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि श्रद्धा और आदर के साथ मनाई गई। प्रांतीय कुशवाहा समाज प्रदेश अध्यक्ष श्री योगेश मानसिंह कुशवाहा के निर्देश अनुसार कुशवाहा समाज ने तहसील जिला एवं प्रदेश स्तर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई गई कुशवाहा समाज सीहोर जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने महान समाज सुधारक को नमन किया।कार्यक्रम की शुरुआत फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई।

श्री कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा फुले ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में जो कार्य किया, वह भारतीय समाज को नई दिशा देने वाला था। उन्होंने दलितों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। कुशवाहा समाज युवा



संगठन जिला अध्यक्ष रवि कुशवाहा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा 1848 में अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर शुरू किए गए पहले बालिका विद्यालय को भारत में स्त्री–शिक्षा की आधारशिला बताया गया।"शिक्षा सबका अधिकार है" जैसे नारों के साथ समाज में समानता का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समाज जन ने संकल्प लिया कि फुले के विचार शिक्षा, न्याय और समानता को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस अवसर पर कुशवाह समाज जिला युवा संगठन अध्यक्ष रवि कुशवाहा, उपाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा,लव कुश जयंती पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, शुभम कुशवाहा, प्रतीक महाडिक, सुशील कुशवाहा,हिरा कुशवाहा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला कुशवाहा समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह पूर्व पार्षद ने किया।

## भोपाल नाका तिराहा का अंधा मोड़ लोगों के लिए बना परेशानी का सबब

**आष्टा।** नगर के पुराने भोपाल-इंदौर मार्ग स्थित भोपाल नाका तिराहा का अंधा टर्न वाहन चालकों के लिए परेशानी बना हुआ है। यहां पर ट्रैफिक पाइंट स्थायी रूप से नहीं है। जिससे सभी तरफ के वाहन बिना नियम के ही टर्न लेते हैं। जिससे यहां पर हादसे होते रहते हैं। पिछले साल ही एक ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया था। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।यहां पर स्थायी रूप से ट्रैफिक पाइंट लगता है तो आवागमन में आसानी हो सकती है। यहां पर पाइंट बुधवार के साप्ताहिक हाट, त्योहार तथा कुछ बड़े कार्यक्रम होने पर लगाए जाते हैं। यहां पर जब से नया सीएम राइज स्कूल स्थापित हुआ है तब से शाम के समय प्रतिदिन ट्रैफिक जाम हो रहा है। इस तरफ भी प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मनाया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

संविधान निर्माण में बाबा साहाब की महत्वपूर्ण भूमिका उक्त बातें संविधान दिवस पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कमल किशोर कलमोदिया ने कही। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर के की गई।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खजुरिया कासम में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुनसिंह मालवीय शाखा ब्रांच पोस्ट मास्टर एवं अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य लखनसिंह ठाकुर ने की मुख्य अतिथि ने संविधान दिवस पर बच्चों को



संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला व भारतीय संविधान ने हमें मूल कर्तव्य एवं मूल अधिकार दिए हैं संविधान हमें समानता न्याय व जीवन जीने की आजादी देता है। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेनसिंह ठाकुर ने किया कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रवींद्रसिंह, अर्जुनसिंह, हीरालाल, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, अभिसी दीदी, शीतल, अल्पना, रवीना, दिव्या, निकिता, भूमिका, अंजलि, मधुबाला एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### राजश्री कॉलेज ने किया पूर्व छात्र आकाश राणा का सम्मान

# राणा को रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब उनके पूर्व छात्र आकाश राणा ने प्रतिष्ठित रेलवे भर्ती बोर्ड आरआरबी की ग्रुप डी परीक्षा में सफलता हासिल की। आकाश राणा का चयन टीएल एंड एसी ट्रेन लाइट और एयर कंडीशनिंग के महत्वपूर्ण पद पर हुआ है। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ ने राणा को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कॉलेज परिसर में आयोजित एक गरिमापूर्ण समारोह मेंए कॉलेज के संचालक और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने आकाश राणा को सफा बंद और पुष्प हार से सम्मनित किया। इस अवसर परए कॉलेज के वर्तमान



छात्रों को भी राणा की सफलता की कहानी से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कॉलेज के संचालक बीएस परमार ने आकाश राणा की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहाए ष्आकाश की सफलता यह साबित करती है कि यदि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत होए तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। हमें अपने पूर्व छात्र पर गर्व है और उनकी यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी। सम्मान से अभिभूत आकाश राणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और राजश्री कॉलेज के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने छात्रों से नियमित अध्ययन और धैर्य बनाए रखने का आह्वान किया। बधाई देने वालों में महाविद्यालय संचालक बीएस परमारए प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, सविता बैरागी, राहुल सेन, रामवती मेवाड़ा, प्रहलाद मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, द्वारकाप्रसाद करमोदिया, पूजा परमार, अखिलेश सक्सेना, पूजा मेवाड़ा, माया मेवाड़ा, ममता तिवारी, कविता भूतिया, मनोहर लाल, रंजना परमार, विनोद मीणा, रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव, शिवराम परमार, रीना यादव व महाविद्यालय विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सड़क पर आई सब्जी मंडी, प्रशासन की विफलता से यातायात हो रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में सड़कों पर सब्जी बाजार लगने से यातायात बाधित हो रहा है। राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

प्रशासन की निष्क्रियता के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों में निराशा है।क्योंकि सड़क पर लगने वाली सब्जी मंडी के कारण सुबह 6 बजे से लेकर 10 बजे तक रास्ता पूरी तरह से ठप रहता है। यहां से लोगों का निकलना भी मुश्किल है। इसलिए यहां के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही यहां पर कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल भी है जिसकी वजह से छात्राओं को दूसरे



रास्तों से जाना पड़ रहा है। नगर पालिका तथा प्रशासन को चाहिए कि सब्जी मंडी को व्यवस्थित रूप से मंडी परिसर के अंदर स्थापित किया जाएं। जिससे आमजन को राहत मिल सके। साथ ही सड़क पर नीलामी कार्य करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई हो।